उपर्युक्त के आलोक में निर्णय लेने के लिये कोई समय-सीमा बताना सम्भव नहीं है।

केन्द्रीय सरकार के पास लम्बित गुजरात की बहुउद्देशीय परियोजनायें

1198. **श्री चिमन भाई हरिभाई शुक्ल** : क्या **जल संसाधन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गुजरात की कतिपय बहुउद्देशीय परियोजनाएं केन्द्रीय सरकार के पास मंजूरी के लिए लम्बित हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, और 31 अक्तूबर, 1993 तक उनकी क्या स्थिति थी;

(ग) सरकार द्वारा उन परियोजनाओं को कब तक मंजूरी दी जायेगी और उनका जिलेवार ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस प्रयोजन के लिए 1993-94 और 1994-95 के दौरान केन्द्रीय सरकार कितनी धनराशि आबंटित करने का विचार रखती है?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री और जल संसाधन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० के० थुंगन) : (क) जी, नहीं।

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठते।

गुजरात में सौराष्ट्र में जल संसाधनों का सवक्षण

1199. **श्री चिमन भाई हरिभाई शुक्ल** : क्या **जल संसाधन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार ने गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र के जल संसाधनों के बारे में कोई सर्वेक्षण किया है;

(ख) यदि हां, तो सर्वेक्षण का क्या नतीजा निकला ; और

(ग) सरकार द्वारा किन-किन जिलों में सर्वेक्षण करवाया गया और इसका तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री और जल संसाधन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०के० थुंगन) : (क) से (ग) चूंकि सिंचाई राज्य का विषय है अतः जल संसाधनों के विकास के लिए सर्वेक्षण राज्य सरकारों द्वारा किए जाते हैं। तथापि, अन्तर्राज्यीय नदियों के लिए जल वैज्ञानिक प्रेक्षण केन्द्रीय जल आयोग द्वारा किए जाते हैं जिनमें गुजरात की नदियां भी शामिल हैं। केन्द्रीय भूमिजल बोर्ड ने गुजरात में भूजल उपलब्धता के सर्वेक्षण किए हैं। सर्वेक्षण और अन्वेषण के आधार पर, गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र में राज्य के वार्षिक पुनर्भरणीय भूजल संसाधन 6639.03 मिलियन घन मीटर आंके गए हैं, जिनका जिलेवार ब्यौरा निम्नवत है :

क्रम सं०	जिले का नाम	कुल वार्षिक पुनर्भरणीय भूजल संसाधन (मिलियन घन मीटर)
1	अमरेली	822.69
2	भावनगर	1329.72
3	जामनगर	993.55
4	जूनागढ़	1251.11
5	राजकोट	1361.67
6	सुरेन्द्र नगर	880.29
	कुल :	6639.03